दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, शुक्रवार 10 फरवरी 2023

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

## डंडे से समाज सुधार

**सरमा को खुद से पूछना चाहिए कि मध्य और समृद्ध वर्ग के परिवारों में बाल विवाह क्यों नहीं होते? जिन समस्याओं का संबंध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से है, उनका हल डंडे के जोर से ढूंढना एक अतार्किक नजरिया है।**

**हर भावनात्मक और सामाजिक मामले को सियासी हथियार बनाने का भारतीय जनता पार्टी का उत्साह इतना ज्यादा है कि इसके फौरी और दीर्घकालिक दुष्परिणामों की वह तनिक भी फिक्र नहीं करती है। उसका यह उत्साह फिलहाल असम में देखने को मिल रहा है, जहां के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा उग्रता की होड़ में आगे निकलने का कोई मौका नहीं चूकते। अब उन्होंने बाल विवाह रोकने के नाम पर असम एक बड़ी सामाजिक समस्या खड़ी कर दी है। सैकड़ों कमउम्र लड़कियों का इस वजह से भविष्य खतरे में पड़ गया है, क्योंकि उनके नव-विवाहित पतियों को जेल भेज दिया गया है। इस तरह जो लोग अज्ञान, गरीबी और पारंपरिक पिछड़ेपन के शिकार हैं, उन्हें ही इसकी सजा भुगतने को भी कहा जा रहा है। क्या यह प्रश्न इस मौके पर नहीं उठाया जाना चाहिए कि अगर सरकारों ने संवैधानिक वायदे के मुताबिक सबकी शिक्षा और सबके जीवन स्तर में सुधार को सुनिश्चित किया होता, तो आज लाखों कमउम्र लड़के-लड़कियां उस सपने से वंचित नहीं होते, जिसकी वजह से वे छोटी उम्र में विवाह का बोझ उठाने को तैयार हो जाते हैं? सरमा को खुद से पूछना चाहिए कि मध्य और समृद्ध वर्ग के परिवारों में बाल विवाह क्यों नहीं होते?**

**जिन समस्याओं का संबंध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से है, उनका हल डंडे के जोर से ढूंढना एक अतार्किक नजरिया है। गौरतलब है कि असम सरकार ने राज्य में होने वाले "बाल विवाह, प्रसव के दौरान माताओं और नवजात शिशुओं की ऊंची मृत्यु दर पर अंकुश लगाने के लिए" अभियान चलाया है। इसके तहत 14 साल से कम उम्र की लड़कियों से शादी करने वालों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम और 14 से 18 साल तक की उम्र वाली लड़कियों से शादी करने वालों के खिलाफ बाल विवाह रोकथाम अधिनियम- 2006 के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि असम सरकार राज्य में बाल विवाह की सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए कृतसंकल्प है। लेकिन अगर वे इस संकल्प को पूरा करने के लिए शिक्षा, जागरूकता और परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण का अभियान चलाते, तो सारे देश में उनकी भावना की तारीफ होती। फिलहाल ऐसा करने की कोई वजह नहीं।**

## ज़िप इलेक्ट्रिक ने गोगोरो के नेतृत्व में 25 मिलियन डॉलर जुटाए

**नई दिल्ली।** ईवी-एज-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म जिप इलेक्ट्रिक ने कहा कि उसने अपनी सीरीज बी फंडिंग में बैटरी स्वैपिंग इकोसिस्टम में ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर गोगोरो के नेतृत्व में 25 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। नए फंड के साथ ज़िप का लक्ष्य अपने बेड़े के आकार को 10,000 से बढ़ाकर 200,000 इलेक्ट्रिक वाहन करना और 2025 तक भारत के 30 शहरों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना है।

दौर इक्विटी में 20 मिलियन डॉलर और ऋण में 5 मिलियन डॉलर का मिश्रण है। 20 मिलियन डॉलर इक्विटी दौर में गुडइयर वेंचर्स, 9 यूनिकॉर्न्स, डब्ल्यूएफसी, वेंचर कैटेलिस्ट्स, लेट्सवेंचर, आईएएन, आईवीग्रोथ, ग्रिप से भी भागीदारी देखी गई। कंपनी ने ग्लोबल इम्पैक्ट फंड आईआईएक्स और भारत के एक बड़े राष्ट्रीय बैंक से 5 मिलियन डॉलर का कर्ज भी बंद कर दिया।

ज़िप इलेक्ट्रिक के सह-संस्थापक और सीईओ आकाश गुप्ता ने कहा, ज़िप में हम 200,000 वाहनों को तैनात करने की योजना के साथ दुनिया की सबसे बड़ी ईवी सेवा कंपनी बनने की योजना बना रहे हैं।

ज़िप ने अब तक 37.5 मिलियन जुटाए हैं। नई फंडिंग के साथ, ज़िप अपने ड्राइवर अनुभव को और बेहतर बनाने, गोगोरो बैटरी स्वैपिंग के साथ अपने ईवी हब इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने, तेज आईओटी और एआईओ सक्षम ईवी फ्लीट मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी का निर्माण करने, और टेक्नोलॉजी और शीर्ष-स्तरीय पदों पर भर्ती करके अपनी संचालन टीम को बढ़ाने पर काम करेगा।

गोगोरो के संस्थापक और सीईओ होरेस ल्यूक ने कहा- ज़िप इलेक्ट्रिक ने भारत के फ्लीट और लास्ट माइल डिलीवरी इंडस्ट्री के स्थायी परिवर्तन में एक प्रमुख नेतृत्व की स्थिति ले ली है, लेकिन अवसर बहुत अधिक है और इस नई फंडिंग के साथ यह अपनी क्षमताओं और बाजार प्रभाव का विस्तार करने में सक्षम होगा।

अपनी स्थापना के 5 वर्षों में, ज़िप अंतिम मील में ईवी-एज-ए-सर्विस को सक्षम करने वाला सबसे बड़ा ईवी भागीदार बन गया है। अब यह 10,000 ज़िप से संबद्ध गिग वर्कर्स को अधिक कमाने और अधिक बचत करने में सक्षम बना रहा है।

बिगबास्केट, जेप्टो, फ्लिपकार्ट, मिंत्रा, जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट, डंजो, उबर, रैपिडो, जियोमार्ट, फार्मईजी, 1एमजी, डिलिवरी, ब्लूडार्ट और कई अन्य ज़िप के कुछ प्रमुख भागीदार हैं। नवंबर 2022 में, गोगोरो और ज़िप ने भारत में बेड़े के इलेक्ट्रिक परिवर्तन और अंतिम मील डिलीवरी में तेजी लाने के लिए एक रणनीतिक बी2बी साझेदारी की घोषणा की।

## भारत में ट्विटर ब्लू लॉन्च, यूजर्स को हर महीने देने होंगे रुपए



**नई दिल्ली।** ट्विटर ने आखिरकार भारत में अपना प्रीमियम सब्सक्रिप्शन ट्विटर ब्लू लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने ट्विटर वेबसाइट के माध्यम से इसे एक्सेस करने वालों के लिए 650 रुपए प्रति महीने की कीमत पर नई सदस्यता पेश की है। एनड्रायड या आईओएस ऐप के जरिए सब्सक्राइब करने वाले यूजर्स को 900 रुपये मासिक शुल्क देना होगा।

बता दें, ट्विटर ब्लू को पिछले साल नया रूप दिया गया था, उपयोगकर्ताओं को कई नई सुविधाएँ प्रदान करता है जैसे कि ब्लू चेक मार्क, ट्वीट्स को संपादित करने की क्षमता, लंबे वीडियो पोस्ट, बुकमार्क, कस्टम ऐप आइकन और प्रोफ़ाइल फ़ोटो के रूप में एनएफटी का उपयोग करने का विकल्प।

कंपनी वेबसाइट पर सालाना सब्सक्रिप्शन लेने पर डिस्काउंटेड प्राइस ऑफर कर रही है। यदि उपयोगकर्ता अपनी सदस्यता मासिक रूप से बिल करता है, तो वे 7,800 रुपये का भुगतान करना समाप्त कर देंगे, जबकि यदि वे इसे सालाना भुगतान करना चुनते हैं, तो वे 1,000 रुपये बचाएंगे और 6,800 रुपये का भुगतान करेंगे। वेबसाइट पर आपको बस बाएं कॉलम में 'ट्विटर ब्लू' पर क्लिक करना होगा। एक पॉप-अप आपको अपना पसंदीदा प्लान चुनने और फिर भुगतान करने का विकल्प देगा। वार्षिक योजना केवल वेबसाइट के माध्यम से सुलभ होगी।

एंड्रॉइड और आईओएस पर आपको मेनू तक पहुंचने के लिए ऐप खोलना होगा और दाएं स्वाइप करना होगा। इसके बाद आपको 'ट्विटर ब्लू' विकल्प दिखाई देगा। एक बार जब आप इस पर क्लिक करते हैं, तो ट्विटर आपको 900 रुपये की मासिक लागत पर प्रीमियम सेवा की सदस्यता लेने देगा। फिर आप हो जाएंगे ब्लूटिक वाले यूजर।

## दुनियाभर में ट्विटर का सर्वर डाउन, लॉगिन नहीं कर पा रहे यूजर्स- फेसबुक-इंस्टा-यूट्यूब पर भी आई परेशानी

**नई दिल्ली।** ट्विटर का सर्वर डाउन हो गया है। कई यूजर्स अपने अकाउंट में लॉगिन नहीं कर पा रहे हैं। कई यूजर्स ट्विटर के अलावा फेसबुक और इंस्टाग्राम के सर्वर की भी शिकायत कर रहे हैं। तीनों ही प्लेटफॉर्म्स ग्लोबली हजारों यूजर्स के लिए डाउन हो गए हैं। हालांकि, भारत में इसका असर सबसे कम देखने को मिल रहा है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इससे सबसे ज्यादा प्रभावित अमेरिकी यूजर्स हुए हैं।

ट्विटर पर भी ज्यादातर यूजर्स के लिए ग्लोबली डाउन चल रहा है। इस पर नए ट्वीट्स पोस्ट नहीं हो रहे हैं। नया ट्वीट करने पर एरर मैसेज आ रहा है जिसमें लिखा है आपने ट्वीट सेंड करने के डेली लिमिट को क्रॉस कर लिया है।

कंपनी ने इसको लेकर बताया है कि उन्हें इस परेशानी के बारे में पता है और वो इसको ठीक करने पर काम कर रहे हैं। ट्विटर सपोर्ट के अनुसार, प्लेटफॉर्म कई लोगों के लिए ठीक से काम नहीं कर रहा है जिसको ठीक किया जा रहा है।

## सूर्य कुमार यादव ने पहले ही टेस्ट मैच में अपने नाम किया रिकॉर्ड



**नागपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नागपुर में आज बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत हो चुकी है। आज दोनों टीमों के बीच सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी को चुना है। इधर भारत के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटके भी दे दिए हैं।

इसके साथ ही आपको यह बता दें की भारत के इस टेस्ट मैच में भारत की और से दो और ऑस्ट्रेलिया की और से एक खिलाड़ी ने डेब्यू किया है। भारत की और से सूर्यकुमार यादव और विकेटकीपर श्रीकर भरत ने टेस्ट मैच में डेब्यू किया है। वहीं ऑस्ट्रेलिया की और से स्पिनर टॉड मर्फी ने डेब्यू किया है।

वैसे बात सूर्यकुमार यादव की कर ले तो वो 30 की उम्र के बाद तीनों फॉर्मेट में डेब्यू करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। यह एक अनोखा रिकॉर्ड भी हैं। यादव दरअसल पहले ऐसे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने 30 की उम्र के बाद क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया है।

**भारतीय टीम के खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव और श्रीकर भरत ने किया टेस्ट डेब्यू -** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत हो चुकी है। इस सीरीज के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट सीरीज के लिए भी महत्वपूर्ण है। दोनों टीमों के बीच नागपुर में पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच में आज जो सबसे बड़ी बात रही वो यह है की भारत की और से दो खिलाड़ियों ने एक साथ टेस्ट मैच के लिए डेब्यू किया है। भारत की और से सूर्यकुमार यादव और विकेटकीपर श्रीकर भरत ने टेस्ट मैच में डेब्यू किया है। इन दोनों ही खिलाड़ियों के लिए यह पहला टेस्ट मैच है। सूर्य कुमार यादव सबसे कम उम्र में तीनों फॉर्मेट में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बन गए है। सूर्यकुमार यादव ने सबसे पहले टी20 इंटरनेशनल में 14 मार्च 2021 को डेब्यू किया था।

## तेज गेंदबाजों ने सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा, ऑस्ट्रेलिया के दो विकेट पर 76 रन

**नागपुर।** स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन ने भारतीय स्पिनरों का डटकर सामना किया जिससे ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को यहां शुरुआत झटकों से उबरते हुए लंच तक दो विकेट पर 76 रन बनाए।

मोहम्मद शमी (12 रन पर एक विकेट) और मोहम्मद सिराज (13 रन पर एक विकेट) ने सलामी बल्लेबाजों उस्मान ख्वाजा (01) और डेविड वार्नर (01) को जल्दी पवेलियन भेजा लेकिन लाबुशेन (नाबाद 47) और स्मिथ (नाबाद 19) ने बाकी बचे पहले सत्र में रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन की स्पिन तिकड़ी को हावी नहीं होने दिया।

लाबुशेन ने अपनी 110 गेंद की पारी में अब तक आठ चौके मारे हैं और उन्होंने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाने को तरजीह थी। स्मिथ ने हालांकि अधिक रक्षात्मक रुख अपनाया। दोनों अब तक तीसरे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी कर चुके हैं।

जडेजा और अक्षर की कुछ गेंद हालांकि उछाल के साथ काफी तेजी से टर्न हुई जिससे पदार्पण कर रहे विकेटकीपर श्रीकर भरत को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मैच से पहले 'विकेट से छेड़छाड़' को लेकर ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के सारे दावे फुस्स साबित हुए क्योंकि वीसीए स्टेडियम की पिच भारत की सामान्य सूखी पिच लग रही है जिस पर दूसरे दिन के बाद से स्पिनरों को काफी मदद मिलती है।

विकेट से स्पिनरों को टर्न मिल रहा है लेकिन भारतीय पिचों पर यह सामान्य बात है। स्मिथ और लाबुशेन ने हालांकि अपनी मजबूत तकनीक का नजारा पेश करते हुए भारतीय स्पिनरों का डटकर सामना किया।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया क्योंकि इस पिच पर चौथी पारी में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होगा।

सिराज ने दूसरे ओवर की मैच की अपनी पहली ही गेंद पर उस्मान ख्वाजा को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर फैसला भारत के पक्ष में गया।

शमी ने अगले ओवर में बाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए अंदर आती गेंद पर वार्नर को बोल्ड किया। भारत नियंत्रण में दिख रहा था लेकिन इसके बाद दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज लाबुशेन ने मोर्चा संभाला और कुछ आकर्षक शॉट खेले। उन्होंने लेट कट से अक्षर पर चौका जड़ने के बाद अश्विन की गेंद पर कवर ड्राइव से चार रन बटोरे।

## फैंस को देखने को मिला माही का देशी अंदाज, खेतों में ट्रैक्टर चलाते आए नजर

**रांची।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और हेलीकॉप्टर शॉट के लिए फेमस महेंद्र सिंह धोनी किसी पहचान के मोहताज नहीं है। वो अपने क्रिकेट के खेल के लिए तो फेमस थे ही साथ ही वो रोज रोज नए अवतार और नए नए काम करके भी चर्चा में बने रहते है। ऐसा ही अब उन्होंने नया काम किया है जिसके बाद वो चर्चाओं में आ गए है।

धोनी की पत्नी साक्षी अक्सर महेंद्र सिंह के वीडियो शेयर करती नजर आती हैं। ऐसा ही अब भी हुआ है। लगभग 2 साल बाद धोनी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वो खेत में ट्रेक्टर चलाते नजर आ रहे है। इससे पहले भी वो अलग अलग रूप में नजर आ चुका है। इस वीडियों में धोनी ट्रैक्टर चलाकर खेत जोतते नजर आ रहे है। इससे पहले भी 2021 में वो एक वीडियो में अपनी फसल दिखाते नजर आ रहे थे। आपको बता दें की माही ने इंटरनेशनल क्रिकेट से 15 अगस्त 2020 को संन्यास का ऐलान कर दिया था।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन मुताबिक पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर वरिष्ठ आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

***वृष :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। आपका कला के क्षेत्र की तरफ रुझान बढ़ेगा। आपको व्यापार से लाभ तो होगा, लेकिन आपके घर के खर्चों में वृद्धि भी होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है।

***मिथुन :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। अगर आप नौकरी कर रहें तो ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर हो सकता है, जहां से आना जाना करने में आपको आसानी होगी। हो सके तो उधार के लेन-देन से बचें। आपको व्यापार में धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है।

***कर्क :*** आज आपका दिन परिवार के साथ बीतेगा। पारिवारिक कार्यो को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आपका समय बच्चों के साथ अधिक बीतेगा साथ ही उनको कुछ अच्छा सिखा भी सकते है।

***सिंह :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। यात्रा हो सकती है जो किसी भी काम से सम्बन्धित हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दोस्त/रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा।

***कन्या :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी कार्य को पूरा करने के लिए योजना बना सकते हो। अपने व्यापार को लेकर मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। दाम्पत्य संबंध मधुरता से भरपूर रहेगा।

***तुला :*** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। व्यापार में लाभ होगा जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आप किसी दोस्त की मदद करने के लिए उसके घर जा सकते हैं। ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं।

***वृश्चिक :*** आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इक_ होने में आसानी होगी।

***धनु :*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा, ऑनलाइन क्लास से कुछ नया सीखने को मिलेगा। परिवार ने एकता का माहौल रहेगा किसी कार्य को लेकर सब एक मत हो सकते है। जीवनसाथी को कुछ अच्छा सा उपहार दे सकते हैं, रिश्ता और भी मधुर होगा।

***मकर :*** आज आपका दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है, बेहतर होगा कि किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें। पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है।

***कुंभ :*** आज आपका दिन आपके लिए लाभप्रद रहने वाला है। आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। आप जितना हो सके दूसरों की राय लेकर ही किसी कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलनी तय है।

***मीन :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का दिन अच्छा है, आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। आपकी सोच में सकरात्मकता आयेगी।

## सलमान ने पूरी की किसी का भाई किसी की जान की शूटिंग, साझा किया पोस्ट

बॉलीवुड के मशहूर एक्टर सलमान खान ने अपने अंदाज से लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जल्द ही सलमान खान फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आने वाले हैं और खास बात तो यह है कि उन्होंने अपकमिंग मूवी की शूटिंग भी पूरी कर ली है। सलमान खान ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए दी है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि किसी का भाई किसी की जान की शूटिंग पूरी होने पर फैंस भी बेहद खुश नजर आ रहे हैं। उन्होंने ट्विटर पर ट्रेंड तक शुरू कर दिया है।

सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट से किसी का भाई किसी की जान की तस्वीर साझा करते हुए बताया कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर ने फोटो को इंस्टाग्राम एकाउंट पर शेयर करते हुए लिखा, किसी का भाई किसी की जान की शूटिंग पूरी हो गई है। ईद 2023। जान कुमार सानू, राजीव राय और प्रतीक सहजपाल जैसे कई सितारों ने कमेंट कर उन्हें ढेर सारी बधाइयां दीं। प्रतीक सहजपाल ने सलमान खान की पोस्ट पर लिखा, गुड लक भाई। वहीं जान कुमार सानू ने इमोजी शेयर कर सलमान खान की पोस्ट पर रिएक्शन दिया।

## फिल्म कांतारा का बनेगा प्रीक्वल, ऋषभ शेट्टी ने खुद किया ऐलान

ऋषभ शेट्टी की फिल्म कंतारा साल 2022 में काफी चर्चा में रही थी। पहले इस फिल्म ने साउथ में धमाल मचाया और फिर हिंदी में रिलीज होने के बाद इस फिल्म ने खूब कमाई की। ऋ षभ शेट्टी की इस फिल्म की बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के स्टार्स ने काफी तारीफ की है। फिल्म को रिलीज हुए अब 100 दिन पूरे हो गए है। इसके बाद अब ये फिल्म फिर से चर्चा में आ गई है। मेकर्स इस फिल्म के हिट होने के बाद अब कंतारा के प्रीक्वल को लेकर बड़ा ऐलान किया है। जिसके बाद फैंस काफी खुश नजर आ रहे है।

साउथ की साल 2022 में काफी चर्चा में रहने वाली फिल्म कंतारा के रिलीज होने के बाद से ही फैंस को इस मूवी के दूसरे पार्ट का इंतजार था। अब फिल्म की रिलीज के 100 दिन पूरे होने के बाद मेकर्स ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ा ऐलान किया है। एक इवेंट के दौरान ऋ षभ शेट्टी बताया कि जो आप लोगों ने देखा वो फिल्म कंतारा का दूसरा भाग था।

## ढाबा स्टाइल सेव टमाटर की सब्जी

**सामग्री :**

एक कटोरी सेव, दो टमाटर, दो चम्मच दही, आधा कटोरी टमाटर प्यूरी, एक चम्मच अदरक-लहसुन पेस्ट, दो चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक चम्मच धनिया पाउडर, आधा चम्मच जीरा पाउडर, आधा चम्मच गरम मसाला, एक चम्मच कसूरी मेथी, आधा चम्मच हल्दी, आधा चम्मच राई, आधा चम्मच साबुत जीरा, एक चुटकी हींग, कटा हरा धनिया, दो बड़ा चम्मच तेल, स्वादानुसार नमक

**विधि :**

सबसे पहले एक कटोरी में लाल मिर्च पाउडर, धनिया, जीरा पाउडर और हल्दी डालकर अच्छे ले मिला लें।

अब इन मसालों में दो चम्मच पानी डालकर इनका पेस्ट बना लें।

इसके बाद एक कढ़ाई में तेल डालकर मध्यम आंच पर इसे गर्म करें और फिर राई और जीरा डालकर भुनें।

अब इसमें एक चुटकी हींग डालकर अच्छे से मिक्स करें और फिर मसाले का पेस्ट डाल दें।



जब मसाले अच्छे से पक जाएं, तो इसमें कटे हुए टमाचर डालें और नमक डालकर कढ़ाई ढक दें।

टमाटर अच्छे से पक जाने पर इसमें टमाटर की प्यूरी मिलाएं और फिर अच्छी तरह पकाएं।

बाद में इसमें दही डालकर 1-2 मिनट तक पकने दें। जब ग्रेवी तेल छोड़ने लगे तो इसमें कसूरी मेथी डाल दें।

अब इसमें गरम मसाला और आधा कप पानी डालकर ग्रेवी को अच्छे से पकाएं।

अंत में इसमें सेव डालकर थोड़ी देर और पकने दें।

सेव नर्म होने पर गैस बंद कर दें और धनिया पत्ती से इसे गार्निश कर गर्मागर्म सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 337

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 336 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्री |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

## सू-दोकू- 337

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.336 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |